Alberta

प्रेस विज्ञप्ति

किफायती आवास परियोजनाओं का समर्थन किया जाना

7 दिसंबर, 2022

अल्बर्टा सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए तीन साल में $55 मिलियन का निवेश कर रही है ताकि अल्बर्टा निवासियों को किफायती आवास की और अधिक एक्सेस उपलब्ध कराई जा सके।

2021 में, अल्बर्टा सरकार ने स्ट्राँगर फ़ाउंडेशन्स नामक किफायती आवास का विस्तार करने के लिए एक 10-वर्षीय रणनीति को पेश किया था। 25,000 किफायती आवास इकाईयों को बढ़ाने के लिए यह रणनीति एक मार्गदर्शक साबित हो रही है। किफायती आवास साझेदारी प्रोग्राम की शुरुआत यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम है कि पूरे प्रांत में अल्बर्टा निवासियों के लिए आवास उपलब्ध कराए जा सकें।

अल्बर्टा सरकार समझती है कि किफायती आवास के लिए हर परिवार और व्यक्ति की ज़रूरत अलग-अलग होती है और नए किफायती आवास साझेदारी प्रोग्राम में यह सुनिश्चित किया जाता है कि अल्बर्टा निवासियों को वैसे आवास मिल सकें जिनकी उनको ज़रूरत है।

"हमारी सरकार यह सुनिश्चित करने को लेकर प्रतिबद्ध है कि पूरे प्रांत में किफायती आवास तक लोगों की पहुंच हो सके। आवास प्रदाताओं, गैर-लाभकारी संगठनों, नगरपालिकाओं और निजी कंपनियों के साथ साझेदारी करके, मुझे भरोसा है कि हम अल्बर्टा निवासियों की ज़रूरतों को पूरा कर पाएंगे। हमारी 10-वर्षीय किफायती आवास रणनीति अर्थात स्ट्राँगर फ़ाउंडेशन्स को लागू करने में सहायता के लिए उठाए जा रहे कदमों को देखकर मैं रोमांचित हूं।"

जेरेमी निक्सन, मिनिस्टर ऑफ सीनियर्स, कम्यूनिटी एंड सोशल सर्विसेज़

नए किफायती आवास साझेदारी प्रोग्राम के लिए सार्वजनिक, गैर-लाभकारी और निजी क्षेत्रों को वरिष्ठजनों, परिवारों, निम्न आय वाले व्यक्तियों, विकासात्मक अक्षमताओं, शारीरिक चुनौतियों, हिंसा के शिकार लोगों और अन्य लोगों के लिए किफायती आवास बनाने और उनको उपलब्ध करने में मदद के लिए आवेदन किए जा सकते हैं।

संबंधित जानकारी

[किफायती आवास साझेदारी प्रोग्राम]

[स्ट्राँगर फ़ाउंडेशन्स किफायती आवास रणनीति]

मीडिया पूछताछ

हंटर बारिल
Hunter.Baril@gov.ab.ca
780-619-5774
प्रेस सेक्रेटरी, सीनियर्स, कम्यूनिटी एंड सोशल सर्विसेज़

प्रेस विज्ञप्ति

किफायती, सामाजिक आवास या विशेष आवास घटक के विकास संबंधी प्रस्ताव 7 दिसंबर, 2022 से लेकर 11 जनवरी, 2023 तक स्वीकार किए जाएंगे। परियोजनाओं में परिवर्धन (एडिशन), नवीकरण, रूपांतरण, पुनर्विकास या नया निर्माण शामिल हो सकता है।

"सरकार की अपनी किफायती आवास रणनीति, अर्थात स्ट्राँगर फ़ाउंडेशन्स को आगे बढ़ाने की सतत प्रतिबद्धता को लेकर Silvera प्रसन्न है। आज की यह घोषणा यह सुनिश्चित करने में सहयोगपरक साझेदारी की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करती है कि निम्न और मध्य आय वाले अल्बर्टा निवासियों के लिए किफायती आवास विकल्प उपलब्ध हों। Silvera के पास ऐसी तैयार परियोजनाएं हैं जिन्हें इस घोषणा के माध्यम से सक्षम किया जाएगा और सरकार के सभी आदेशों से अपेक्षित निवेश उपलब्ध हो सकेगा।"

अर्लीन एडमसन, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, सिल्वेरा फ़ॉर सीनियर्स और प्रेसिडेंट, अलबर्टा सीनियर्स एंड कम्युनिटी हाउसिंग एसोसिएशन

"हमें यह देखकर खुशी हो रही है कि अल्बर्टा सरकार ज़रूरतमंदों के लिए सुरक्षित, स्थिर किफायती आवास प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता की दिशा में काम कर रही है। इस नए फंडिंग प्रोग्राम के ज़रिए, हम अपने क्षेत्र में और अधिक किफायती आवास उपलब्ध कराने के लिए सरकार के साथ साझेदारी को आगे बढ़ाने की उम्मीद रखते हैं। किफायती आवास में निवेश करना अल्बर्टा निवासियों के लिए निवेश करने के समान है। कमज़ोर व्यक्तियों और परिवारों को निरंतर समर्थन देने के लिए हम अल्बर्टा सरकार का धन्यवाद करते हैं।"

रॉबिन जेम्स, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, लेथब्रिज हाउसिंग अथॉरिटी और वाइस प्रेसिडेंट, साउथ रीजन, अल्बर्टा सीनियर्स एंड कम्युनिटी हाउसिंग एसोसिएशन

"Civida अफोर्डेबल हाउसिंग पार्टनरशिप प्रोग्राम संबंधी घोषणा का स्वागत करती है। ये साझेदारी प्रतिबद्धताएं नए मिश्रित-आय वाले किफायती आवासों के निर्माण में Civida की सहायता करेंगी तथा सबसे ज्यादा ज़रूरतमंद एडमंटन वासियों के लिए और अधिक आवास विकल्प प्रदान करेंगी। यह प्रोग्राम नए विकास की हमारी रणनीतिक प्राथमिकता के साथ मेल करता है और पूंजीगत निर्माण परियोजनाओं के निर्माण और प्रबंधन के लिए Civida को अपनी क्षमता बढ़ाने में मदद करता है।"

गॉर्ड जॉनस्टन, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, Civida

आवास प्रदाता- पूंजीगत अनुदान, भूमि या भवन उपलब्धता, और/या सरकारी स्वामित्व वाली संपत्ति के हस्तांतरण या दीर्घकालिक लीज के रूप में कुल परियोजना लागत की एक तिहाई राशि तक प्रांतीय समर्थन के लिए अनुरोध कर सकते हैं।

प्रस्तावों का आकलन स्थानीय समुदाय की ज़रूरतों, निम्न आय वाले अल्बर्टा निवासियों के लिए नतीजे प्रस्तुत करने की योग्यता और करदाता के पैसे के सही इस्तेमाल के आधार पर किया जाएगा।

पात्रता और आवेदन प्रक्रिया संबंधी ब्यौरा alberta.ca/affordable-housing-partnership-program.aspx पर ऑनलाइन देखा जा सकता है।

त्वरित तथ्य

- कैपिटल प्लान 2022 में 2,300 नई और रिजेनरेटेड किफायती आवास इकाईयां प्रदान करने के लिए तीन साल की अवधि के दौरान $281 मिलियन राशि का आवंटन किया गया है।
- इससे पूरे प्रांत में 2,000 से ज्यादा नौकरियां सृजित करने में सहायता मिलेगी
- नए पूंजी निर्माण और किराया सब्सिडी के मिश्रण से अगले तीन साल में लगभग 3,900 नए परिवारों को मदद मिलेगी।